मध्यप्रदेश विधान सभा

अक्टूबर–दिसम्बर, 2000 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 14 नवम्बर, 2000 (कार्तिक 23,1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री अजय सिंह, पर्यटन मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619–क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित का 15 वाँ वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1992–93 पटल पर रखेंगे.

(2) श्री के.पी. सिंह, पशुपालन मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619–क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य डेयरी विकास निगम मर्यादित भोपाल (समापनाधीन) समापक का लेखा विवरण तथा लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1999–2000 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री तेजसिंह सेंधव, हिम्मत कोठारी, भूपेन्द्र सिंह, सदस्य, रतलाम जिले के ग्राम खाराखेड़ी के पास एक व्यक्ति की हत्या होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री बाबूलाल गौर, सदस्य, सीहोर जिले के नीमटोन वनक्षेत्र में वन आरक्षक की गोली से एक आदिवासी की मौत होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. कृषि मंत्री का वक्तव्य

श्री महेन्द्र सिंह, कृषि मंत्री, दिनांक 18 मार्च, 1999 को पूछे गये परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्रमांक–3356) के उत्तर में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

5. प्रतिवेदनों पर चर्चा

निर्धारित समय 3 घन्टे — (1) मध्यप्रदेश लोक आयुक्त और उप लोक आयुक्त का सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997–98 एवं 1998–99, लोक आयुक्त संगठन का सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997–98 एवं 1998–99 व्याख्यात्मक ज्ञापन तथा मध्यप्रदेश लोक आयुक्त और उप लोक आयुक्त के सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन के अंग्रेजी अंश का हिन्दी रूपान्तर पर चर्चा.

3 घन्टे — (2) मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के प्रथम प्रतिवेदन वर्ष 1996–97 की अनुशंसाओं का पालन प्रतिवेदन पर चर्चा.

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 13 नवम्बर, 2000